प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

चुनाव

प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य संपन्न हो गया है। इस प्रक्रिया में कुल 84 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे है जिनमे से संसदीय क्षेत्रों के लिए 51 और विधानसभा उप–चुनाव के लिए 33 नामांकन दाखिल हुए है। नामांकन पत्रों की छंटनी प्रक्रिया आज संपन्न होगी और 17 मई तक नाम वापसी का समय रखा गया है। इन चुनावों के लिए एक जून को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

स्टार प्रचारक

प्रदेश में लोकसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए अब 15 दिन शेष बचें हैं। इस बीच आने वाले समय में प्रचार और तेज करने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों मुख्य दलों ने अपने 40–40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। भाजपा द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रचारकों में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व अमित शाह सहित कई राष्ट्रीय नेता हिमाचल में प्रचार करेंगे। प्रदेश से प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार सहित 14 प्रचारक भी भाजपा के प्रचार अभियान में शामिल होंगे।

कांग्रेस की स्टार प्रचारक सूची के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा, भुपेंद्र हुड्डा, भुपेश बघेल सहित कई राष्ट्रीय नेता चुनाव प्रचार के लिए हिमाचल पहुंचेगें। कांग्रेस प्रचार अभियान में प्रतिभा सिंह, विप्लव ठाकुर, कॉल सिंह ठाकुर सहित प्रदेश के 20 नेता भी मुख्य प्रचारक के रूप में शामिल किए हैं।

स्वीप

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र की स्वीप टीम 13 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर अति दुर्गम व अंतिम बूथ चक्की तक पहुंची। पिछले संसदीय चुनावों में यहां मात्र 58 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। भटियात की स्वीप टीम के सदस्यों को स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में सड़क की सुविधा नहीं है जिसके लिए पिछले चुनावों में काफी लोगों ने मतदान नहीं किया था लेकिन आज भी यह समस्या वैसी ही है।

ऊना जिला में एक और नवीन व रचनात्मक पहल करते हुए आज दोपहर बाद मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वीप के तहत इस आयोजन में आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन के मैदान में जिला ऊना के मैप पर आधारित मानव श्रृंखला बनाई जाएगी।

इधर सोलन शहर के कोटलानाला में ज़िला शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़–नाटक व गीत–संगीत के माध्यम से कल लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

कौशल प्रतियोगिता

देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता आज से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। इसमें उच्च कौशल मानकों का प्रदर्शन होगा। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में 30 से अधिक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के 9 सौ से अधिक छात्रों सहित विभिन्न उद्योगों के चार सौ से अधिक विशेषज्ञ भी इसमें हिस्सा लेंगे। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पारंपरिक शिल्प से लेकर अत्याधुनिक तकनीक तक के 61 क्षेत्रों में विविधतापूर्ण कौशल और प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी का शीर्षक है –दाड़लाघाट में फिर हो सकता सीमैंट कंपनी और ट्रक ऑप्रेटरों के बीच विवाद–अखबार के अुनसार कंपनी की ओर से किराया कम करवाने के प्रस्ताव को ट्रक ऑपरेटरों ने नकारा।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–सुधीर शर्मा ने 5 अन्य विधायकों का भाजपा की मंडी में किया सौदा। अखबार ने अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है –बाउंडरी के पार जाएगा सुधीर शर्मा का छक्का।

डीईपी शिक्षकों के लिए भर्ती व पदोन्नती के नियम बनाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश मामले में दैनिक भास्कर का शीर्षक है –शिक्षा सचिव को चेतावनी–यदि अगली सुनवाई तक नियम नहीं बने तो दंड दिया जा सकता है।

इसी खबर पर दिव्य हिमाचल का शीर्षक है– शिक्षा विभाग को फटकार–डीपीई शिक्षकों के लिए नियम बनाने पर हाईकोट का कड़ा रूख।

दिव्य हिमाचल लिखता है –16वें वित्त आयोग मैमोरेंडम पर प्रदेश में काम तेज। इसी खबर पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है –16वें वित्त आयोग की रिर्पोट भेजेगी सरकार, तैयारियों में जुटा वित्त विभाग।

दैनिक जागरण का शीर्षक है –शिमला में हटेंगे बिना अनुमति लगे बेनर व विज्ञापन बोर्डस। इसी अखबार की एक अन्य सुर्खी है–शिमला की मंडी में हरे बादाम की एंट्री एक सौ 60 रूपए में बिका बॉक्स।

गर्मी शुरू होते ही आगजनी की घटना को दैनिक सवेरा टाईम्स ने सचित्र प्रकाशित कर शीर्षक दिया है– शिमला में जंगल की आग। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–मौसम खुलते ही फिर दहकने लगे प्रदेश के जंगल–अब तक आग की एक सौ 92 घटनाएं।

आपका फैसला का शीर्षक है–हिमाचल के मैदानी जिलों में एक सप्ताह तक मौसम साफ।

विशेष लोक अदालत

सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के एक प्रवक्ता के अनुसार इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल से संबंधित लम्बित मामलों की सुनवाई और उनका निपटारा किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मुकद्दमा सुप्रीम कोर्ट में विचारधीन है और वह इसका निपटारा विशेष लोक अदालत में करवाना चाहता है तो वह अपने वकील के माध्यम से इसे विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि लोग इस विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।